दिन– रविवार दिनांक– 28 / 07 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. पेरिस ओलंपिक में निशानेबाज मनु भाकर ने भारत को पहला मेडल दिलाया। दस मीटर एयर पिस्टल के फाइनल में कांस्य पदक जीता।

02. राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री ने मनु भाकर को बधाई दी। राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी पहला पदक जीतने पर दी शुभकामना।

03. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में कहा, सरकार नशीली दवाओं के खतरे से निपटने के लिए प्रभावी कदम उठा रही है। लोगों से देश को नशीली दवाओं से मुक्त करने का आह्वान किया।

04. और, बिहार पुलिस आम लोगों की शिकायतों को दर्ज करने के लिए जल्द ही एकीकृत व्हाट्अप नंबर जारी करेगी।

---

पेरिस ओलंपिक में भारत को पहला पदक मनु भाकर ने दिलाया है। आज दस मीटर एयर पिस्टल इवेंट मे मनु ने दो सौ इक्कीस दशमलव सात अंक के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। मनु निशानेबाजी में भारत को पदक दिलाने वाली पहली महिला खिलाड़ी हैं। निशानेबाजी में भारत ने बाईस साल बाद पदक जीता है।

---

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांस्य पदक जीतकर पदक तालिका में भारत को स्थान दिलाने के लिए मनु भाकर को बधाई दी है। राष्ट्रपति ने कहा कि वे निशानेबाजी स्पर्धा में ओलिम्पिक पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला है। उन्होंने कहा कि मनु भाकर पर भारत को गर्व है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारत के लिए यह एक एतिहासिक पदक है। यह एक अतुलनीय उपलब्धि है। गृहमंत्री अमित शाह, खेल मंत्री किरेन रिजिजू, समेत अन्य गणमान्य लोगों ने भी मनु भाकर को शुभकामनाए दी। राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और विधानसभा अध्यक्ष नन्दकिशोर यादव ने भी मनु भाकर को मेडल जीतने के लिए बधाई दी।

———————————————————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि कोई भी देश अपनी संस्कृति पर गर्व करके ही प्रगति कर सकता है। आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में आज राष्ट्र को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि भारत की संस्कृति अद्वितीय है और पूरे विश्व में इसकी सराहना की जाती है। प्रधानमंत्री ने असम के चराइदेव मैदाम को यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थलों में शामिल किए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह गर्व की बात है।

———बाईट———

असम के चराददेव मोइदाम को यूनेस्को वर्ल्ड हेरीटेज़ साइट में शामिल किया जा रहा है। इस लिस्ट में यह भारत की 43वीं लेकिन नॉर्थ ईस्ट की पहली साइट होगी।

श्री मोदी ने कहा कि सांस्कृतिक क्षेत्र में विकास के लिए नये प्रयोग किए जा रहे है। उन्होंने इस संबंध में भारत में किए जा रहे प्रयासों पर प्रकाश डालते हुए परियोजना परी का उल्लेख किया, जिसका अर्थ है पब्लिक आर्ट ऑफ इंडिया।

———बाईट———

प्रोजेक्ट परी पबलिक आर्ट को लोकप्रिय बनाने के लिए उभरते कलाकारों को एक मंच पर लाने का बड़ा माध्यम बन रहा है। सड़कों के किनारे, दीवारों पर, अंडर पास में बहुत ही सुंदर पेंटिंग्स बनी हुई दिखती हैं। ये पेंटिंग्स यही कलाकार बनाते हैं, जो परी से जुड़े हैं। दिल्ली के भारत मंडपम को ही लीजिए। यहां देश भर के अद्‌भुत आर्ट वर्क्स देखने को मिल जाएंगे।

प्रधानमंत्री ने हथकरघा उद्योग की चर्चा करते हुए कहा कि स्वयं सहायता समूह में शामिल महिलाएं इस क्षेत्र में विशेष कार्य कर रही है। श्री मोदी ने हरियाणा के रोहतक जिले की उन दो सौ पचास महिलाओं की उपब्धियों की सराहना की। जिन्होंने ब्लॉक प्रिंटिंग और रंगाई का प्रशिक्षण लिया और आज उनके बनाए उत्पाद बेड कवर, साड़ियाँ और दुपट्टों की बाजार में काफी मांग है। श्री मोदी ने कहा कि अगले महीने की सात तारीख को देश में राष्ट्रीय हथकरघा दिवस मनाया जाएगा। उन्होंने देशवासियों से इस अवसर पर हथकरघा उत्पादों को प्रोत्साहित करने की अपील की। उन्होंने कहा कि अगस्त करीब है, खादी खरीदने का इससे बेहतर समय नहीं हो सकता।

———बाईट———

मादक पदार्थों की समस्या की चुनौती का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि हर परिवार चिंतित है कि उनका बच्चा मादक पदार्थों के व्यसन में पड़ सकता है। उन्होंने बताया कि सरकार ने मानस नामक एक विशेष पहल की है, जो नशीली दवाओं

के दुरुपयोग के खिलाफ लड़ाई में एक कदम है। मानस की हेल्पलाइन और पोर्टल हाल ही में लॉन्च किया गया और एक टोल–फ्री नंबर–1933–जारी किया गया है।

–––बाईट–––

हर परिवार की यह चिंता होती है कि कहीं उनका बच्चा ड्रग्स की चपेट में ना आ जाए। ऐसे लोगों की मदद के लिए, सरकार ने एक विशेष केंद्र खोला है, जिसका नाम है – 'मानस'। ड्रग्स के खिलाफ लड़ाई में ये बहुत बड़ा कदम है। कुछ दिन पहले ही 'मानस' की हेल्पलाइन और पोर्टल को लॉन्च किया गया है। सरकार ने एक टोल फ्री नम्बर 1933' जारी किया है।

श्री मोदी ने कहा कि कोई भी व्यक्ति पुनर्वास से संबंधित आवश्यक सलाह या जानकारी प्राप्त करने के लिए इस नंबर पर कॉल कर सकता है।

प्रधानमंत्री ने पेरिस मे जारी ओलंपिक खेलों में भारतीय खिलाड़ियों से शानदार प्रदर्शन की उम्मीद जताई है। श्री मोदी ने श्रोताओं से ओलम्पिक खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने का आग्रह किया।

–––बाईट–––

इस समय पूरी दुनिया में पेरिस ओलिंपिक छाया हुआ है। ओलंपिक्स हमारे खिलाड़ियों को विश्व पटल पर तिरंगा लहराने का मौका देता है, देश के लिए कुछ कर गुजरने का मौका देता है। आप भी अपने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाइए, चीयर फोर भारत।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पन्द्रह अगस्त नजदीक आ रहा है। इसलिए लोग हर घर तिरंगा अभियान में जरूर भाग लें। उन्होंने लोगों को हर घर तिरंगा डॉट कॉम पर तिरंगे के साथ अपनी सेल्फी अपलोड करने के लिए प्रोत्साहित किया। श्री मोदी ने स्वतंत्रता दिवस से पहले माई जीओवी या नमो ऐप पर उनके सुझाव भी मांगे और कहा कि वह स्वतंत्रता दिवस पर राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में यथासंभव अधिक से अधिक सुझावों को शामिल करेंगे।

–––बाईट–––

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

प्रदेश में कई सार्वजनिक स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित कर लोगों ने मन की बात कार्यक्रम को सुना। भाजपा के प्रदेश मुख्यालय पटना में इस अवसर पर पार्टी के संगठन महामंत्री भिखू भाई दलसानिया और बिहार झारखंड में क्षेत्रीय संगठन मंत्री नागेन्द्रनाथ उपस्थित थे।

————————————————————————————————————————

केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानन्द राय ने कहा है कि बजट में बिहार को स्पेशल पैकेज मिलने से राज्य के विकास की रफ्तार और तेज होगी। पटना में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए श्री राय ने कहा कि बजट के प्रावधान से नौजवानों को रोजगार के अधिक अवसर प्राप्त होंगे।

———बाईट———

————————————————————————————————————————

केन्द्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान ने केन्द्रीय बजट दो हजार चौबीस—पच्चीस में बिहार को विशेष वित्तीय मदद दिए जाने का सराहना की है। आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए इसके लिए बिहार के लोग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का इसके लिए आभारी हैं।

————————————————————————————————————————

पुलिस महानिदेशक आर एस भट्टी ने आज कहा कि बिहार पुलिस जल्द ही पूरे राज्य के लिए एकीकृत व्हाटसअप नंबर शुरु करने जा रही है। इससे लोगों को अपनी शिकायत दर्ज कराने में सुविधा होगी। पटना के ज्ञान भवन में तीन नये आपराधिक कानूनों पर आयोजित कार्यशाला के दूसरे दिन श्री भट्टी ने कहा कि इस व्यवस्था को लागू होने पर बिहार देश का पहला राज्य होगा।

———बाईट———

उन्होंने कहा कि पुलिस के प्रति भरोसा कायम करने के लिए कई काम किये जा रहे हैं। लोगों की शिकायतों को सोशल मीडिया पर भी सुना जा रहा है और पिछले डेढ साल में बिहार पुलिस के सोशल मीडिया बारह लाख से भी अधिक फॉलोवर हो चुके हैं।

———————————————————————————————————

प्रदेश में मॉनसून की गतिविधि कमजोर पड़ जाने के कारण अधिकतर भागों में मौसम शुष्क बना हुआ है। वहीं, उमस भरी गर्मी से लोगों को काफी परेशानी हो रही है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस महीने किशनगंज जिले को छोड़कार राज्य के अधिकतर भागों में सामान्य से तैंतीस प्रतिशम कम वर्षा हुई है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक एस.के पटेल ने कहा कि राज्य के आस–पास मॉनसूनी गतिविधियां नहीं हैं। जिसके कारण अगले अड़तालीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तर–पूर्व भागों में कुछ स्थानों को छोड़कर बाकी स्थानों में वर्षा की संभावना नही है।

———बाईट———

———————————————————————————————————

राज्य के अधिकतर भागों में अल्प वर्षा के कारण गंगा, गंडक, बूढ़ी गंडक, घाघरा, बागमती समेत विभिन्न नदियों के जलस्तर में कमी की प्रवृति बनी हुई है। केन्द्रीय जल आयोग की रिपोर्ट के अनुसार गंगा नदी की जलस्तर बक्सर, पटना, मुंगेर, भागलपुर समेत सभी स्थानों पर घटा है। घाघरा नदी का जलस्तर सीवान और सारण में लगातार घट रहा है। गंडक नदी के जलस्तर में भी मुजफ्फरपुर, वैशाली, गोपालगंज और पश्चिम चंपारण में कमी दर्ज की गई है। हालांकि बूढ़ी गंडक नदी का जलस्तर सीमामढ़ी ढेंगब्रीज में बढ़ा है। इधर, कोसी नदी का जलस्तर में भी खगड़िया के बलतारा में आंशिक बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

———————————————————————————————————

नालंदा जिले के करायपरसुराय थाना क्षेत्र अंतर्गत चंदकुरा गांव के पास आज एक स्कूल बस एक पैसेंजर ट्रेन से टकरा गई। इस हादसे में बस पर सवार चार लोग घायल हो गए।

———————————————————————————————————

नालंदा जिले के सारे थाना क्षेत्र अंतर्गत भैरोबिघहा गांव में तालाब में डूबने से दो बच्चों की मौत हो गई। इधर, शेखपुरा जिले के सिरारी थाना क्षेत्र अंतर्गत गुन्हेसा गांव में पानी से भरे आहर में नहाने के दौरान दो सगे भाइयों की मौत हो गई।

————————————————————————————

अररिया स्थित एसएसबी की बावनवीं बटालियन के जवानों के लिए खो–खो मैच का आयोजन किया गया। वाहनी के खेल मैदान में आयोजित मुकाबले में मुख्यालय जवान की टीम ने डी–बीओपी पराजित कर दिया। इधर, कैमूर की गुड़िया कुमारी का चयन बिहार महिला फुटबॉल टीम में हुआ है। आन्ध्रप्रदेश के आदमपुर में तीन अगस्त से होने वाली राष्ट्रीय महिला फुटबॉल प्रतियोगिता में गुड़िया बिहार टीम का हिस्सा होंगी।

————————————————————————————

रेलवे स्टेशनों पर चलाए जा रहे आहट अभियान के तहत सासाराम रेलवे स्टेशन से 11 बाल मजदूर को मुक्त कराया गया। इस मामलें में चार तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। यह अभियान आरपीएफ और बचपन बचाओ आंदोलन संस्था संयुक्त रूप से चला रही है। मुक्त कराए बच्चों को चाइल्ड हेल्प लाइन सासाराम को सुपुर्द कर दिया गया।

————————————————————————————

पश्चिमी चंपारण जिले के बेरिया थाना क्षेत्र में अज्ञात अपराधियों ने एक शराब तस्कर बुलेट पटेल की गोली मार कर हत्या कर दी। पुलिस ने कहा है कि वर्चस्व की लड़ाई में अपराधियों ने इस घटना को अंजाम दिया।

————————————————————————————

बक्सर में युवा अधिवक्ता कल्याण समिति का इक्कीसवां अधिवेशन आयोजित किया गया। इसका उद्‌घाटन जिला सत्र न्यायाधीश मुकेश कुमार ने किया।

————————————————————————————

पटना के चिड़ियाँघर में आज अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पर्यावरण मंत्री प्रेम कुमार ने विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया।

---

शेखपुरा पुलिस ने वांछित अपराधी घनश्याम राम को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं जिला सहकारिता विभाग ने पैक्स और व्यपार मंडल समेत जिले के धान क्रय करने वाली तैंतीस एजेंसियों को नोटिस जारी किया।

---

01. पेरिस ओलंपिक में निशानेबाज मनु भाकर ने भारत को पहला मेडल दिलाया। दस मीटर एयर पिस्टल के फाइनल में कांस्य पदक जीता।

02. राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री ने मनु भाकर को बधाई दी। राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी पहला पदक जीतने पर दी शुभकामना।

03. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में कहा, सरकार नशीली दवाओं के खतरे से निपटने के लिए प्रभावी कदम उठा रही है। लोगों से देश को नशीली दवाओं से मुक्त करने का आह्वान किया।

04. और, बिहार पुलिस आम लोगों की शिकायतों को दर्ज करने के लिए जल्द ही एकीकृत व्हाट्अप नंबर जारी करेगी।

---

समाप्त